झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

9 July 2024

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK

JSSC | DEFENCE - ARMY

CAPF | POLICE | Other Competitive Exam

Daily Current Affairs Booster


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com

Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 9 जुलाई का इतिहास

- **1875 :** भारत देश का पहला स्टॉक एक्सचेंज बम्बई स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना हुई।
- **1951 :** भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना की शुरूआत हुई।
- **1972 :** सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया था।
- **1944 :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रत कराने के लिए आजाद हिंद फौज का नेतृत्व स्वीकार किया था।
- **1877 :** पहली विंबलडन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था।

## 9 जुलाई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- एयर इंडिया द्वारा अमरावती में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा फ्लाइंग स्कूल स्थापित किया जाएगा। यह स्कूल भारत में उपलब्ध ा पायलट प्रशिक्षण क्षमता को मजबूत करेगा। हाल ही में राज्य के स्वामित्व वाली महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी द्वारा अमरावती हवाई अड्डे के रनवे का विस्तार किया गया था। 2026 के मध्य तक फ्लाइंग स्कूल चालू हो जाएगा और हर साल 180 वाणिज्यिक पायलटों को स्नातक करेगा। यह देश में किसी भी भारतीय एयरलाइन द्वारा खोला जाने वाला पहला स्कूल है, जिसमें प्रशिक्षण के लिए 31 सिंगल इंजन और 3 ट्विन इंजन विमान होंगे।
- भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने हैदराबाद में हथियार प्रणाली स्कूल का उद्धघाटन किया हैं। डब्ल्यूएसएस का उद्देश्य भारतीय वायु सेना को भविष्य की दृष्टि से फिर से व्यवस्थित और समय के अनुसार संशोधित करना हैं। वायु सेना की और से जारी एक बयान के अनुसार, इस नए प्रशिक्षण संस्थान का गठन सामान्य रूप से सशस्त्र बलों और विशेष रूप से भारतीय वायुसेना के लिए एक बड़ी छलांग हैं। हथियार प्रणाली स्कूल नवगठित शाखा के अधिकारियों को भारतीय वायुसेना की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करेगा।
- राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और भारतीय मसाला बोर्ड के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सिक्किम में बड़ी इलायची की बीमारियों का पता लगाने और उन्हें वर्गीकृत करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता उपकरण विकसित करने के लिए इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है। इस परियोजना का नेतृत्व कोलकाता में एनआईसी के एआई में उत्कृष्टता केंद्र द्वारा किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य इलायची के पत्तों की छवियों का विश्लेषण करके बीमारियों की जल्द पहचान करना हैं।
- डॉ.बी.एन. गंगाधन को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। उन्होंने पहले मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में काम किया था। डॉ. संजय बिहारी श्री चित्रा तिरूनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, तिरूवनंतपुरम के निदेशक हैं। डॉ. संजय बिहारी को मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- नीति आयोग संपूर्णता अभियान शुरू किया। यह 4 जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक चलने वाला 3 महीने का अभियान हैं। आकांक्षी जिलो में छह महत्वपूर्ण संकेतकों और आकांक्षी ब्लॉकों में छह प्रमुख संकेतकों की संतृप्ति प्राप्त करने के लिए इस अभियान के रूप में एक सतत प्रयास शुरू किया जा रहा हैं। आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान का लक्ष्य 112 आकांक्षी जिलों और 500 आकांक्षी ब्लॉकों में छह चयनित संकेतकों में से प्रत्येक में संतृप्ति प्राप्त करना हैं। ब्लॉक और जिले छह प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों को पूरी तरह से लागू करने के लिए तीन महीने की कार्ययोजना बनाएंगे।
- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने खाद्य एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित विज्ञापनों के लिए विज्ञापनदाताओं एवं विज्ञापन एजेंसियों को नया एडवाइजरी जारी किया। विज्ञापनदाताओं एवं विज्ञापन एजेंसियों को खाद्य एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित विज्ञापनों के लिए वार्षिक स्व-घोषणा प्रमाणपत्र अपलोड करना होगा। निर्देश के अनुसार विज्ञापनदाताओं/विज्ञापन एजेंसियों की यह जिम्मेदारी होगी कि वे लागू भारतीय कानूनों का पालन करें।
- भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक द्वारा भारत की स्वास्थ्य प्रणाली की तैयारी और भविष्य की महामारियों के प्रति प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करने के लिए 170 मिलियन डॉलर के नीति आध ारित ऋण पर हस्ताक्षर किए गए। भारत सरकार की और से आर्थिक कार्य विभाग की संयुक्त सचिव सुश्री जूही मुखर्जी और एडीबी की और से एडीबी के इंडिया रेजिडेंट मिशन की निदेशक सुश्री मियो ओका ने सुदृढ़ और परिवर्तनकारी स्वास्थ्य प्रणाली कार्यक्रम के लिए मजबूत और मापनीय कार्रवाई पर हस्ताक्षर किए।
- भारत की अंडर-23 कुश्ती टीम ने जॉर्डन के अम्मान में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला, कुश्ती, ग्रीको-रोमन और फ्रीस्टाइल में कुल 19 पदक जीते। महिला पहलवानों ने अपने-अपने वर्गो में दबदबा दिखाते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते। मीनाक्षी, पुष्पा यादव और प्रिया मलिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय को सुपीरियटी और विजय को फॉल सहित विभिन्न तरीकों से जीत हासिल की।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में यूनेस्को विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र की मेजबानी कौन करेगा ?**

(A) अमेरिका (B) भारत
(C) इटली (D) जापान

**(B)** भारत 21-31 जुलाई तक नई दिल्ली में भारत मंडपम में यूनेस्को विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र की मेजबानी करेगा। इस सत्र में 195 देशों के स्टेट पार्टी, सलाहकार निकायों, वरिष्ठ राजनयिकों, विरासत विशेषज्ञों, विद्वानों और शोधकर्ताओं के 2500 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसका उद्घघाटन 21 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।




**2. हाल ही में स्मार्ट सिटी मिशन को कब तक बढ़ाया गया है ?**

(A) मार्च 2025 (B) जुलाई 2026
(C) जनवरी 2027 (D) मार्च 2028

**(A)** भारत सरकार ने शेष 10% परियोजनाओं को पूरा करने के लिए मिशन की अवधि 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दी हैं। मिशन को कुछ राज्यों/शहरों के सरकारी प्रतिनिधियों से शेष 10% परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कुछ और समय देने के लिए कई अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं। शहरों को सूचित किया गया है कि इस विस्तार में मिशन के तहत पहले से स्वीकृत वितीय आवंटन से अधिक कोई अतिरिक्त लागत नही आएगी।




**3. हाल ही में ICC T201 में फर्स्ट रैंक पाने वाले पहले भारतीय कौन बने है ?**

(A) रिषभ पंत (B) विराट कोहली
(C) सूर्यकुमार यादव (D) हार्दिक पांड्या

**(D)** हार्दिक पांड्या ICC T201 में फर्स्ट रैंक पाने वाले पहले भारतीय बने हैं। भारत के अजेय T20 विश्व कप अभियान में उनके हरफनमौला प्रदर्शन के बाद वह दो स्थान ऊपर चढ़कर श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा के साथ शीर्ष पर शामिल हो गए हैं। हार्दिक ने वेस्टइंडीज और यूएसए में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप के दौरान 48 की औसत और 151 की स्ट्राइक रेट से 144 रन बनाए।



**4. हाल ही में किस राज्य से जीका वायरस के मामले के बाद सरकार ने राज्यों को एक एडवाइजरी जारी की ?**

(A) महाराष्ट्र (B) तेलंगाना
(C) कर्नाटक (D) केरल

**(A)** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने जीका वायरस पर नजर रखने के लिए राज्यों को एक एडवाइजरी जारी की। राज्यों से आग्रह किया गया है कि वे प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को जीका वायरस के संक्रमण के लिए गर्भवती महिलाओं की जांच करने का निर्देश दें। राज्यों को स्वास्थ्य सुविधाओं/अस्पतालों को सलाह देनी चाहिए कि वे जीका वायरस के मामलों की निगरानी के लिए एक नोडल अधिकारी की पहचान करे।




**5. हाल ही में Puma India ने किसे अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है ?**

(A) रियान पराग (B) नीतीश कुमार रेड्डी
(C) A व B दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में एक प्रमुख स्पोर्ट्स ब्रांड, प्यूमा इंडिया ने दो नए ब्रांड एंबेसडर रियान पराग और नीतीश कुमार रेड्डी की घोषणा की हैं। यह रोमांचक खबर युवा प्रतिभाओं का समर्थन करने और भारत के युवाओं से जुड़ने के लिए प्यूमा की राह की देखने के लिए हैं। इन युवा क्रिकेटरों के साथ साझेदारी करने का निर्णय भारत में उत्कृष्ट खेल सितारों का समर्थन करने के लिए उनके समर्पण को दर्शाता है।



# R.N.S ACADEMY

**6. हाल ही में संयुक्त राष्ट्र की किस एजेंसी ने वार्षिक विश्व ड्रग रिपोर्ट जारी की है?**

(A) WHO (B) UNICEF
(C) UNESCO (D) UNODC

**(D)** हाल ही में पराध और नशीली दवाओं के दुरूपयोग से निपटने वाली संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने अपनी वार्षिक विश्व ड्रग रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नशीली दवाओं का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या 2022 में बढ़कर 292 मिलियन हो गई है, जो पिछले दस वर्षो में 20 प्रतिशत की वृद्धि है।



**7. हाल ही में किस देश ने यूरोपीय संघ परिषद की घूर्णन अध्यक्षता संभाली है ?**

(A) जर्मनी (B) पोलैंड
(C) हंगरी (D) चीन

**(C)** हाल ही में हंगरी अगले छह महीनों के लिए यूरोपीय संघ की परिषद की अध्यक्षता संभालेगा। प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान के नेतृत्व में हंगरी का लक्ष्य यूरोपीय संघ की व्यावसायिकता, रक्षा नीति, प्रवासन नियंत्रण और कृषि सुधार को प्राथमिकता देना हैं। प्रेसीडेंसी का आदर्श वाक्य, यूरोप को फिर से महान बनाओ, एकता और सक्रिय वैश्विक गतिविधि पर जोर देने वाले रूख को पूर्णतया प्रकट करता है।



**8. हाल ही में किस देश ने विदेशी छात्रों के लिए विद्यार्थी वीजा 710 डॉलर से बढ़ाकर 1600 डॉलर किया है ?**

(A) रूस (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) यूक्रेन (D) कजाकिस्तान

**(B)** ऑस्ट्रेलिया में वीजा की फीस 710 डॉलर से बढ़ाकर 1600 डॉलर कर दी गई। अगर इसको भारतीय रूपये के हिसाब से देखे तो जहां पहले भारतीय छात्रों को लगभग 59,277 रूपये देने पड़ते थे, वहीं अब उन्हें इसके लिए 133,584 रूपये चुकाना होगा। ऑस्ट्रेलिया की फेडरल सरकार ने स्टूडेंट वीजा की फीस में बढ़ोतरी करते हुए कहा कि इससे देश के राजस्व में इजाफा होगा।




**9. हाल ही में किस केंद्रीय मंत्री ने निर्माण पोर्टल लांच किया है ?**

(A) जी किशन रेड्डी (B) अश्वनी वैष्णव
(C) चिराग पासवान (D) इनमें से कोई नही

**(A)** केंद्रीय कोयला तथा खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हाल ही में राष्ट्रीय सिविल सेवा परीक्षा के मुख्य परीक्षा के उम्मीदवारों की मदद के लिए निर्माण पोर्टल लांच किया हैं। इस पहल के तहत योग्य यूपीएससी उम्मीदवारों को एक लाख रूपये की सहायता प्रदान करेगी, यह उन उम्मीदवारों को प्रदान किया जाएगा जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रूपये से कम है और जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला या थर्ड जेंडर से संबंधित है।




**10. हाल ही में भारत ने कहां अफगानिस्तान और संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में तीसरे सम्मेलन में भाग लिया है ?**

(A) काबुल (B) तेहरान
(C) दोहा (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** भारत उन 25 देशों में शामिल है जो दोहा में शुरू हुए अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाले तीसरे सम्मेलन में भाग लिये। जिसका उद्देश्य तालिबान शासित देश में अफगान लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के तरीकें ढूंढना हैं। संयुक्त राष्ट्र ने इस बात से इनकार किया है कि दोहा में नवीनतम दौर की वार्ता का उद्देश्य तालिबान के लिए अंतर्राष्ट्रीय मान्यता का मार्ग प्रशस्त करना है।



Contact : 8084818282, 9113365645